SESSION : 2024-25
VOL- 1 (BIMONTHLY)
SEPT-OCTOBER 2024

# MEERUT COLLEGE, MEERUT

*INAUGURATION CEREMONY*

# Newsletter

*(A 'NAAC' Accredited College)*
*Awarded "College with Potential for Excellence" by U.G.C.*
*Star Status, DBT, Govt. of India*
*Website: mcm.ac.in  E-mail : principal_mcm1892@ymail.com*

-::- Patron -::-
*Prof. Manoj Rawat*
Principal, Meerut College, Meerut

-::- Editor -::-
*Prof. Chandra Shekhar Bhardwaj*
History Department, Meerut College, Meerut

-::- Newsletter Committee -::-
1. Prof. Praveen Dublish
2- Prof. Ramyagya Maurya
3. Prof. Archana Singh
4. Prof. Harjinder Singh

# मेरठ कॉलेज, मेरठ

सत्र : 2024–25
अंक–1 (द्वैमासिक)
सितम्बर–अक्टूबर 2024

# Newsletter

*(A 'NAAC' Accredited College)*
*Awarded "College with Potential for Excellence" by U.G.C.*
*Star Status, DBT, Govt. of India*
*Website : mcm.ac.in    E-mail : principal_mcm1892@ymail.com*


## संदेश



मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हुआ कि मेरठ कॉलेज, मेरठ एक द्वैमासिक न्यूज लैटर प्रकाशित कर रहा है। मेरठ कॉलेज न केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश बल्कि सम्पूर्ण देश के अग्रणी संस्थानों में शुमार किया जाता है। इस महाविद्यालय की एक समृद्ध ऐतिहासिक विरासत रही है।1892 में अपनी स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक मेरठ कॉलेज ने प्रधानमन्त्री से लेकर सेना के जवान तक राष्ट्र को दिये हैं। मेरठ कॉलेज ने स्वतन्त्रता आन्दोलन में भी अपना भरपूर योगदान दिया। महाविद्यालय के सभी विभागों में वर्ष भर कोई न कोई गतिविधि चलती रहती हैं। इन गतिविधियों का न्यूज लैटर के रूप प्रकाशित होना आवश्यक था। मैं इस शुभ अवसर पर मेरठ कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों एवं न्यूज लैटर समिति को अपनी शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ।

**विवेक कुमार गर्ग**, सचिव
मेरठ कॉलेज, प्रबन्ध कार्यकारिणी

## मेरठ कॉलेज में बनी नई प्रबंध समिति कार्यकारिणी

### डॉ. ओ.पी. अग्रवाल बने अध्यक्ष, विवेक कुमार गर्ग बने सचिव

दिनांक 1 सितंबर 2024 रविवार के दिन, दोपहर 11:00 बजे मेरठ कॉलेज के ऐतिहासिक कमेटी हॉल में मेरठ कॉलेज प्रबंध समिति के चुनाव अधिकारी डॉ. युद्धवीर सिंह ने चुनाव का परिणाम घोषित किया। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के द्वारा नियुक्त किए गए चुनाव पर्यवेक्षक प्रोफेसर वीरपाल सिंह की मौजूदगी में इस चुनाव का परिणाम भरी सभा में प्रस्तुत किया गया। डॉ. युद्धवीर सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद पर डॉक्टर ओम प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष पद पर श्री अमित बंसल, अवैतनिक सचिव के पद पर श्री विवेक कुमार गर्ग एवं अतिरिक्त सचिव के पद पर श्री शुभेंद्र मित्तल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया जाता है ।



**अध्यक्ष**
डॉ. ओ.पी. अग्रवाल



**उपाध्यक्ष**
श्री अमित बंसल



**सचिव**
श्री विवेक कुमार गर्ग



**अतिरिक्त सचिव**
श्री शुभेंद्र मित्तल

मेरठ कॉलेज की प्रबंध तंत्र की कार्यकारिणी सदस्यों की संख्या 21 है। निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर युद्धवीर सिंह ने मेरठ कॉलेज की प्रबंध कार्यकारिणी के 21 सदस्यों को भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इन सदस्यों में श्री आदित्य माहेश्वरी, श्री अंकुर जैन, श्री अनुज बंसल, श्री अनुराग दुबलिश, श्री अनुराग गौड़, श्री गौरव अग्रवाल, श्री जयवीर सिंह, डॉक्टर कृष्ण कुमार शर्मा, श्री मोहित जैन, श्री ओपी शर्मा, श्री पंकज मित्तल, श्री पंकज रस्तोगी, श्री पराग अग्रवाल, श्री पीयूष कुमार दुबलिश, श्री प्राची कुमार गुप्ता, श्री राकेश खेत्रपाल, श्री रवि कुमार बिश्नोई, डॉ एसपी देशवाल, श्री संजीवेश्वर प्रकाश, श्री शुभांकर शर्मा एवं श्री सुशील कुमार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

नवनिर्वाचित सचिव श्री विवेक कुमार गर्ग ने बताया कि मेरठ कॉलेज से उनका बचपन से ही संबंध है उनके पिता स्वर्गीय विनोद कुमार गर्ग 1956 में मेरठ कॉलेज मेरठ से जुड़े, जब उन्होंने बीएससी में यहां प्रवेश लिया। 1959 में उनके पिता ने मेरठ कॉलेज स्टूडेंट यूनियन का चुनाव लड़ा और अध्यक्ष बने। उसके बाद उन्होंने कालेज प्रबंधन में भी हिस्सा लिया और 1999 से लेकर 2004 तक मेरठ कॉलेज प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष बने रहे। नवनिर्वाचित सचिव ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि वह इस बात के लिए मैनेजमेंट कमेटी के सभी 1345 सदस्यों के शुक्रगुजार हैं कि उन्होंने सर्वसम्मति से उन्हें मेरठ की प्रबंध समिति का अवैतनिक सचिव चुना। उन्होंने सभा को विश्वास दिलाया कि वह संपूर्ण सामर्थ्य और परिश्रम से मेरठ कॉलेज की दशा एवं दिशा बदल देंगे।



नवनिर्वाचित कार्यकारिणी एवं पदाधिकारी

## मेरठ कॉलेज में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले मेधावियों का हुआ सम्मान



मेरठ कालेज, मेरठ के एलएलएम की छात्रा सुश्री बैजंती जौहरी ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रथम स्थान प्राप्त कर कुलपति गोल्ड मेडल एवं शंकर लाल मेमोरियल गोल्ड मेडल हासिल किया है।

बैजंती जौहरी ने विधि विषय में नेट परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। वो न्यायिक सेवा में जाना चाहती हैं। राजकीय इंटर कालेज जड़ोदा के बाद विश्वविद्यालय के लीगल स्टडीज़ सेंटर से बीए एलएलबी करने वाली सुश्री जौहरी ने मेरठ कालेज में एलएलएम में प्रवेश लिया था। मेरठ कॉलेज के ही रक्षा अध्ययन विभाग की एमए की छात्रा वंशिका कौशिक ने भी कुलपति गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। इसी प्रकार गणित विभाग की एमए की छात्रा राशि पूनिया ने कुलपति आनंदीबेन पटेल से गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।



## मेरठ कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

मेधावियों का किया गया सम्मान। टॉपर विद्यार्थियों को सचिव विवेक गर्ग ने की सोने के सिक्के देने की घोषणा।



दिनांक 5 सितंबर 2024 को दोपहर 1:00 बजे मेरठ कॉलेज के विशालकाय मूट कोर्ट हाल में मेरठ कॉलेज के अवैतनिक मंत्री श्री विवेक कुमार गर्ग ने शिक्षकों के साथ बड़ी धूमधाम के साथ शिक्षक दिवस मनाया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर निशा मनीष ने किया। शिक्षक समुदाय को संबोधित करते हुए मेरठ कॉलेज के सचिव, प्रबंध कार्यकारिणी श्री विवेक कुमार गर्ग ने शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा की मेरठ कॉलेज की एक ऐतिहासिक समृद्ध विरासत रही है। श्री विवेक कुमार गर्ग ने कहा कि यदि सभी शिक्षक एवं कर्मचारी जितना काम करते हैं उसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि करें तो मेरठ कॉलेज एक नई ऊँचाई पर पहुँच जायेगा। कार्यक्रम में उन्होंने महाविद्यालय के टॉपर छात्रों को एक–एक सोने का सिक्का देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम के बाद कॉलेज के अवैतनिक मंत्री की तरफ से शिक्षकों के सम्मान में सामूहिक भोज भी आयोजित किया गया।

## कॉमर्स डिपार्टमेंट में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम






दिनांक 9 सितंबर 2024 को मेरठ कॉलेज में कॉमर्स डिपार्टमेंट के सौजन्य से दि इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में एक कैरियर काउंसलिंग का कार्यक्रम मूट कोर्ट हाल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉस्ट अकाउंटेंट बलबीर सिंह रहे जोकि पंजाब नेशनल बैंक मेरठ के जोनल हैड हैं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कॉस्ट अकाउंटेंट एस एन मित्तल ने सभी विद्यार्थियों को कॉस्ट अकाउंटेंट बनने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया। इसके अलावा उन्होंने कॉस्ट अकाउंटेंट के रूप में अवसरों, संभावनाओं के बारे में भी बताया।

### इग्नू कुलपति ने मेरठ कॉलेज इग्नू केन्द्र को सराहा



चंद्रशेखर भारद्वाज, इग्नू कुलपति के समक्ष प्रस्तुति देते हुए



इग्नू कुलपति प्रो श्रीमती उमा कांजीलाल, डॉ यू सी पांडे, डॉ अमित चतुर्वेदी



दिनांक 10 सितंबर 2024 को रसायन विज्ञान विभाग में स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।



### स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना

तकनीक से जुड़ छात्र करें राष्ट्र निर्माण में योगदान : सांसद राजकुमार सांगवान
बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने मेरठ कॉलेज में वितरित किए टैबलेट
मेरठ कॉलेज मेरा परिवार एवं दिलः राजकुमार सांगवान

दिनांक 14 सितंबर शनिवार को दोपहर 12:00 बजे से बागपत के सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत मेरठ कॉलेज में स्नातकोत्तर छात्रों को टैबलेट देकर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम मेरठ कॉलेज के विधि विभाग के विशालकाय मूट कोर्ट हाल में आयोजित किया गया।

### मनोविज्ञान विभाग में मना वर्ल्ड सुसाइड प्रीवेंशन सप्ताह



मेरठ कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में संकल्प मेंटल हेल्थ क्लब द्वारा वर्ल्ड सुसाइड प्रीवेंशन सप्ताह के तहत कार्यक्रम किया गया जिसमें आत्महत्या रोकथाम व निवारण विषय पर चर्चा की गई कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्षा प्रोफेसर मृदुला शर्मा, संयोजिका प्रोफेसर मंजू खोखर एवं डॉ अनीता मोरल के निर्देशन में किया गया।



### विधि विभाग में हुआ कार्यक्रम

दिनांक 10 सितंबर 2024 दिन मंगलवर को मेरठ कॉलेज मेरठ, विधि विभाग के स्मार्ट कक्ष में विधि के छात्रों की योग्यता का विकास करने हेतू डॉक्टर दानिश खान असिस्टैंट प्रोफेसर, विधि विभाग द्वारा एक Aptitude Development (योग्यता विकास) कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर प्रवीण दुबलिश ने विशेष सहयोग दिया। उपरोक्त कार्यक्रम में विधि छात्रों को विधि क्षेत्र से संबंधित सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### मेरठ कॉलेज में महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला हेल्प डेस्क का संचालन किया गया




मेरठ कॉलेज मेरठ में प्रवेश प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न की जा रही है। इस दौरान महाविद्यालय में प्रवेश लेने आने वाली छात्राओं की सहायता के लिए मेरठ कॉलेज, मेरठ की महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक प्रोफेसर अल्पना रस्तोगी के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ की समस्त शिक्षिकाओं ने वुमेन हेल्प डेस्क संचालित की।



### तकनीक हासिल कर रोजगार तलाशें छात्र : विधायक अमित अग्रवाल

आधुनिक समय में छात्र–छात्राओं को तकनीकी रूप से सक्षम होना जरूरी है। उक्त विचार मुख्य अतिथि कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने बुद्धवार को मेरठ कॉलेज के रामकुमार गुप्ता सभागार में व्यक्त किये। वहीं स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत एम.कॉम. एवं एम.एड. के छात्र–छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए।

### कैरियर काउन्सिलिंग सैल



12/09/2024 को मेरठ कॉलेज, मेरठ के मूट कोर्ट हाल में नवज्योति भारत फाउंडेशन के सहयोग से कैरियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल (CCPC) ने डेल कंप्यूटर द्वारा प्रायोजित छात्र–छात्राओं के लिए कंप्यूटर प्रोग्राम से संबंधित एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया जिसका उद्देश्य सभी छात्र–छात्राओं को कंप्यूटर एवं टेक्नोलॉजी में दक्षता हासिल कराना था।



### मेयर हरिकान्त अहलूवालिया

केंद्र एवं प्रदेश सरकार युवाओं की प्रतिभा को तराशने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही हैं। इनका छात्र–छात्राओं को भरपूर लाभ लेना चाहिए। उक्त विचार मुख्य अतिथि नगर निगम के मेयर हरिकांत अहलूवालिया ने गुरुवार को मेरठ कॉलेज के रामकुमार गुप्ता सभागार में रखे।



### स्वच्छता पखवाड़ा–एन.एस.एस.

मेरठ कॉलेज मेरठ में "सार्वजनिक स्वच्छता पखवाड़ा–2024" अभियान के अंतर्गत विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयोजन में 17 सितंबर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक

महाविद्यालय प्रांगण स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। इस स्वच्छता अभियान की शुरुआत मेरठ कॉलेज, मेरठ की प्रबंध समिति के सचिव श्रीमान विवेक गर्ग एवं प्राचार्य युद्धवीर सिंह ने महाविद्यालय के अध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के साथ झाड़ू लगाकर की।




### विधि विभाग ने लगाया विधिक जागरूकता शिविर

दिनांक 18–09–2024, दिन बुधवार को ग्राम रूकनपुर, जिला मेरठ में महाविद्यालय के विधि विभाग द्वारा 'संवैधानिक जागरूकता' विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जो विधि विभाग के एसोसिएट प्रोफ़ेसर कृष्ण कुमार गुप्त के नेतृत्व, डॉ. मौ. दानिश और डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव की उपस्थिति में आयोजित हुआ।



### भूगोल विभाग में हुई सामूहिक चर्चा

भूगोल विभाग, मेरठ कॉलेज, मेरठ ने 21.09.2024 को "आज के संदर्भ में जनसंख्या भारत के लिए अभिशाप है या वरदान" विषय पर एक "सामूहिक चर्चा" का आयोजन किया। इस गतिविधि के संयोजक प्रोफेसर परमजीत सिंह रहे।



### वनस्पति विज्ञान विभाग ने किया एमओयू

दिनांक 25–09–2024 बुधवार को मेरठ कॉलेज के प्राचार्य प्रो युद्धवीर सिंह ने विज्ञान वर्ग के छात्र – छात्राओं को नई शिक्षा नीति के आधार पर कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कराने हेतु डॉ लाल पैथलैब्स संस्था से वित्त पोषित लोक भारती एजुकेशन सोसाइटी के प्रबंधक – संचालन अरविंद झा के साथ एम ओ यू पर हस्ताक्षर किए। इस एम ओ यू को करने में वनस्पति विभाग के श्री नरेंद्र प्रताप सिंह की विशेष भूमिका रही।



### शिक्षा विभाग ने चलाया कोर्स

शिक्षा विभाग द्वारा मूल्य शिक्षा पर एक सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन किया गया। यह 26 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चला । उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि संस्कृत विभाग से रिटायर्ड प्रोफेसर दुर्गा प्रसाद मिश्रा तथा आइक्यूएसी की समन्वयक प्रोफेसर अर्चना सिंह उपस्थिति रहीं।

उद्घाटन सत्र का संचालन प्रोफेसर मीनाक्षी शर्मा विभागाध्यक्षा, शिक्षा विभाग द्वारा किया गया ।



### इतिहास विभाग में हुआ सम्मान समारोह

मेरठ कॉलेज में इतिहास विभाग के शोध छात्र राजीव रंजन पांडे का चयन संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर किया गया है। इतिहास विभाग में उनका विशेष सम्मान किया गया और छात्रों को उन्होंने सफलता के टिप्स दिए।



### राजनीति विज्ञान विभाग में चला कोर्स

दिनांक 03.10.2024 को डा. रामकुमार गुप्ता सभागार में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा बीए एवं एमए प्रथम सेमेस्टर के लिए चल रहे ब्रिज कोर्स में मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान विभाग की प्रो. ममता शर्मा रही। प्रो. शर्मा ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला।



प्रो० मनोज कुमार रावत

दिनांक 11 अक्टूबर 2024 को प्रोफेसर मनोज कुमार रावत ने मेरठ कॉलेज, मेरठ के नए प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। इनका चयन उ.प्र. उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा किया गया है। प्रो. रावत मेरठ कॉलेज में प्राचार्य के पदभार संभालने से पूर्व आगरा कॉलेज, आगरा के रसायन विज्ञान विभाग में विभागाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्ष 2009 से 2016 तक इन्होंने आगरा कॉलेज में प्राचार्य के रूप में भी कार्य किया है। डॉ. रावत ने रसायन शास्त्र में डीएससी की उपाधि प्राप्त की है और उनके निर्देशन में 29 छात्र पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर चुके हैं। ये न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। ये भारत विकास परिषद और भारतीय शिक्षण मंडल जैसे सामाजिक संगठनों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और वर्तमान में प्रो. रावत विज्ञान भारती के ब्रज प्रांत के अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इनकी 09 पुस्तक एवं 50 शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। प्रो. मनोज रावत के पिता स्वर्गीय श्री भगवान शंकर रावत लोकसभा के पूर्व सदस्य थे।

–:: संरक्षक ::–
**प्रो० मनोज कुमार रावत**
प्राचार्य, मेरठ कॉलेज, मेरठ

–:: सम्पादक ::–
**प्रो० चन्द्रशेखर भारद्वाज**
इतिहास विभाग, मेरठ कॉलेज, मेरठ

–:: न्यूजलैटर समिति ::–
1. प्रो. प्रवीण दुबलिश
2. प्रो. रामयज्ञ मौर्य
3. प्रो. अर्चना सिंह
4. प्रो. हरजिंदर सिंह